बादलों को उड़ाने का पाउडर

विम्बलडन में फायनल के समय बार-बार होने वाली बारिश सारा मज़ा किरकिरा कर देती है। यही हाल वन डे क्रिकेट में भी हो जाता है। मगर अब डायनामैट नामक एक कम्पनी ने दावा किया है कि वह चुटकी बजाते ही ऐसे बादलों को रफूचक्कर कर सकती है।

डायनामैट ने एक पाउडर बनाया है जिसे उन्होंने डायनाजेल नाम दिया है। जब भी आपको कहीं के बादल नागवार गुज़रें तो बस उन पर थोड़ा सा पाउडर छिड़क दें, बादल हवा हो जाएंगे। आखिर यह पाउडर करता क्या है?

डायनाजेल का यह पाउडर दरअसल पानी सोखने वाले एक पदार्थ के टुकड़े हैं। ये टुकड़े कॉर्न फ्लैक्स (मक्के की सूखी पपड़ियों) जैसे होते हैं। यह तो आप जानते ही हैं कि बादल भाप के संघनित होने से बनते हैं। यानी बादलों में खूब नमी होती है। इस पाउडर को हवाई जहाज़ की मदद से बादलों के ऊपर से छिड़का जाता है। ये टुकड़े धीरे-धीरे उड़ते हुए बादलों को पार करते हैं और नमी सोखते जाते हैं। इन टुकड़ों की आकृति इस तरह बनाई गई है कि वे धीरे-धीरे नीचे आएं।

नमी सोखते-सोखते ये फूलते जाते हैं और धीरे-धीरे एक जेल का रूप ले लेते हैं। यह नमी से भरपूर जेल अन्ततः धरती पर पहुंच जाती है। घबराइए मत, यह जेल पूरी तरह से जैव विघटनशील है अर्थात् प्रकृति में यह धीरे-धीरे सड़-गल जाएगी। वैसे कम्पनी का विचार है कि इसका उपयोग समुद्र के ऊपर करना बेहतर होगा।

हाल ही में कम्पनी ने 10 लाख डॉलर खर्च करके इसका परीक्षण भी किया। उन्होंने लगभग डेढ़ किलोमीटर चौड़े बादल पर 4000 किलोग्राम पाउडर छिड़का और देखते ही देखते बादल गायब हो गया। इस बात को मियामी की मौसम वेधशाला ने अपने राडार पर भी देखा।

क्रिकेट मैचों के लिए खुली धूप उपलब्ध कराने के अलावा इस पाउडर के कुछ संजीदा उपयोग भी हैं, ऐसा कम्पनी का दावा है। मसलन उनका कहना है कि इसकी मदद से तूफानों और चक्रवातों से भी निपटा जा सकता है। आम तौर पर तूफानों की शक्ति का एक बड़ा हिस्सा नमी की वजह से होता है। यदि इस नमी की मात्रा को कम किया जा सके तो तूफान की मारक शक्ति काफी कम की जा सकती है।

दरअसल कम्पनी ने यू.एस. सरकार से अगले मौसम में किसी तूफान से निपटने की अनुमति मांगी है। यदि कोई ज़बर्दस्त विनाशकारी तूफान आ रहा है और इस पाउडर की मदद से उसमें सुराख किए जा सकें तो वह ज़्यादा तबाही नहीं कर पाएगा।

वैसे कम्पनी का यह भी कहना है कि इस पाउडर का उपयोग बारिश करवाने के लिए भी किया जा सकता है और आग बुझाने के लिए भी।

(स्रोत विशेष फीचर्स)